इस भाँति प्रतिशतानुसार विश्लेषण से यह प्रगट होता है कि 6.54 प्रतिशत पुरुषों को कोई सन्तान नहीं उत्पन्न हुई। 12.22 प्रतिशत पुरुषों को केवल एक सन्तान उत्पन्न हुई। 14.75 प्रतिशत पुरुषों को मात्र दो बच्चे एवं 16.49 प्रतिशत पुरुषों को केवल तीन बच्चे पैदा हुए थे, 14-75 प्रतिशत पुरुषों को केवल चार सन्तानें थी, 13.35 प्रतिशत पुरुषों को मात्र पाँच सन्तानें उत्पन्न हुई। 8.81 प्रतिशत पुरुषों को केवल छः बच्चे तथा 6.37 प्रतिशत पुरुषों को केवल सात बच्चे पैदा हुए थे, 2.97 प्रतिशत पुरुषों को केवल आठ सन्तानें तथा 3.75 प्रतिशत पुरुषों को मात्र नव या नव से अधिक सन्तानें उत्पन्न हुई।

सारिणी संख्या —13

जीवित बच्चों की संख्या

पुरुष प्रतिवादियों के जीवित बच्चों की संख्या के अनुसार वितरण ।

जीवित बच्चों की संख्या	पुरुषों की संख्या	प्रतिशत
शून्य	81	7.07
एक	152	13.26
दो	179	15.62
तीन	193	16.85
चार	182	15.88
पाँच	157	13.70
छः	90	7.85
सात	61	5.32
आठ	26	2.27
नौ तथा अधिक	25	2.18
योगः	1146	100

न्यादर्श द्वारा उपलब्ध 1146 पुरूष प्रतिवादियों में 81 पुरूषों के कोई सन्तान जीवित नहीं थी, 152 पुरूषों को मात्र एक जीवित बच्चा था, 179 पुरूषों को केवल दो जीवित सन्तानें थीं, 183 पुरूषों के पास केवल तीन जीवित बच्चे एवं 182 पुरूषों के पास केवल चार जीवित बच्चे थे, 157 पुरूषों के केवल पाँच जीवित संताने तथा तथा 90 पुरूषों के मात्र छः जीवित सन्तानें थीं, 61 पुरूषों के केवल सात जीवित बच्चे थे, तथा 26 पुरूषों के आठ जीवित बच्चे थे। 25 पुरूषों के नव तथा नव से अधिक जीवित बच्चे थे ।

इस प्रकार प्रतिशतानुसार विश्लेषण से यह सिध्द होता है कि 7.07 प्रतिशत पुरूषों की कोई जीवित सन्तान न थी, 13.26 प्रतिशत पुरूषों में प्रत्येक के मात्र एक ही जीवित सन्तान थी, 15.62 प्रतिशत पुरूषों के केवल दो जीवित बच्चे तथा 16.85 प्रतिशत पुरूषों के केवल तीन जीवित बच्चे थे। 15.88 प्रतिशत पुरूषों के पास केवल चार जीवित बच्चे एवं 13.70 प्रतिशत पुरूषों के केवल पाँच जीवित बच्चे थे, 7.85 प्रतिशत पुरूषों के केवल छः सन्तानें जीवित थीं । 5.32 प्रतिशत पुरूषों के मात्र सात जीवित बच्चे तथा 2.27 प्रतिशत पुरूषों के केवल आठ जीवित बच्चे थे, 2.18 प्रतिशत पुरूषों के नव या नव से अधिक जीवित बच्चे थे ।

सारिणी संख्या -14

विवाह की आयु

औपचारिक विवाह की आयु ।

पुरूष प्रतिवादियों की औपचारिक विवाह की आयु के अनुसार वितरण ।

पुरूषों की औपचारिक विवाह की आयु (वर्षों में)	पुरूषों की संख्या	प्रतिशत
12 से कम	6	0.52
12-14	8	0.70
14-16	40	3.49
16-18	86	7.50
18-20	216	18.18
20-22	291	25.40
22-24	218	19.02
24-26	164	14.31
26-28	55	4.80
28-30	33	2.89
30 तथा इससे अधिक	29	2.53
योग	1146	100

1146 पुरुष प्रतिवादियो मे 6 पुरूषो को औपचारिक विवाह की आयु 12 वर्ष से कम वाले ग्रुप मे 8 पुरूषो की औपचारिक विवाह की आयु 12-14 वर्ष वाले ग्रुप मे 40 पुरूषो को औपचारिक विवाह को आयु 14-16 वर्ष वाले ग्रुप मे ,86 पुरूषो ो औपचारिक विवाह की आयु 16-18 वर्ष वाले ग्रुप मे, 216 पुरूषो की औपचारिक विवाह को आयु 20-22 वर्ष वाले ग्रुप मे, 218 पुरूषो को औपचारिक विवाह की आयु 22-24 वर्ष वाले श्रेणी मे ,164 पुरूषो को औपचारिक विवाह की आयु 24-26 वर्ष वाले ग्रुप मे, 55 पुरूषो को औपचारिक विवाह की आयु 26-28 वर्ष वाले ग्रुप मे, 33 पुरूषो को औपचारिक विवाह की आयु 28-30 वर्ष वाले ग्रुप मे तथा 29 पुरूषो की औपचारिक विवाह को आयु 30 पुरूष वर्ष तथा अधिक वर्ष वाले ग्रुप मे थी ।

उपर्युक्त प्रतिशतानुसार विश्लेषण से यह ज्ञात होता है कि 0.52 प्रतिशत पुरूषो की औपचारिक विवाह को आयु 12 वर्ष से कम वाले ग्रुप मे,0.70 प्रशित पुरूषो को औपचारिक विवाह की आयु 12-14 वर्ष वाले ग्रुप मे ,3.49 प्रतिशत पुरूषो को औपचारिक विवाह की आयु 14-16 वर्ष वाले ग्रुप मे,7.50 प्र तिशत पुरूषो को औपचारिक विवाह की आयु 16-18 वर्ष वाले ग्रुप मे, 18-85 प्रतिशत पुरूषो को औपचारिक विवाह की आयु 18-20 वर्ष वाले ग्रुप मे, 25.40 प्रतिशत पुरूषो को औपचारिक विवाह की आयु 20-22 वर्ष वाले ग्रुप मे, 19.02 प्रतिशत पुरूषो की औपचारिक विवाह की आयु 22-24 वर्ष वाले ग्रुप मे, 14.31 प्रतिशत पुरूषो की औपचारिक विवाह को आयु 24-26 वर्ष वाले औपचारिक विवाह की आयु 24-26 वर्ष वाले ग्रुप मे, 4.80 प्रतिशत पुरूषो

की औपचारिक विवाह की आयु 28-30 वर्ष वाले ग्रुप मे तथा 2.53 प्रतिशत पुरूषो की औपचारिक विवाह की आयु 30 तथा इससे अधिक वर्ष वाले ग्रुप मे हुआ था ।

सारिणी संख्या—15

पुरूष प्रतिवादियो के पत्नियो के औपचारिक विवाह की आयु के अनुसार वितरण ।

पत्नियो की औपचारिक विवाह की आयु (वर्षों मे)	पुरूषो की संख्या	प्रतिशत
12 से कम	100	8.72
12-14	160	13.96
14-16	224	19.55
16-18	238	20.77
18-20	204	17.80
20-22	114	9.95
22-24	72	6.28
24 तथा इससे अधिक	34	2.97
योग :	1146	100

उपर्युक्त सारणी के अनुसार 1146 विवाहित पुरुषों में से, 100 पुरुषों की पत्नियों की औपचारिक विवाह की आयु 12 वर्ष से कम, 160 पत्नियों की औपचारिक विवाह की आयु 12-14 वर्ष वाले ग्रुप में, 224 पत्नियों की औपचारिक विवाह की आयु 14-16 वर्ष वाले ग्रुप में, 238 पत्नियों की औपचारिक विवाह की आयु 16-18 वर्ष वाले ग्रुप में, 204 पत्नियों की औपचारिक विवाह की आयु 18-20 वर्ष वाले ग्रुप में, 114 पत्नियों की औपचारिक विवाह की आयु 20-22 वर्ष वाले ग्रुप में, 72 पत्नियों की औपचारिक विवाह की आयु 22-24 वर्ष वाले ग्रुप में तथा 34 पत्नियों की औपचारिक विवाह की आयु 24 वर्ष तथा अधिक वर्ष वाले ग्रुप में हुआ है ।

इस प्रकार प्रतिशतानुसार विश्लेषण यह दर्शाता है कि कि 8.72 प्रतिशत पुरुषों की पत्नियों की औपचारिक विवाह की आयु 12 वर्ष से कम वाले ग्रुप में, 13.96 प्रतिशत पत्नियों की औपचारिक विवाह की आयु 12-14 वर्ष वाले ग्रुप में, 19.55 प्रतिशत पत्नियों की औपचारिक विवाह की आयु 14-16 वर्ष वाले ग्रुप में, 20.77 प्रतिशत पत्नियों की औपचारिक विवाह की आयु 16-18 वर्ष वाले ग्रुप में, 17.80 प्रतिशत पत्नियों की औपचारिक विवाह की आयु 18-20 वर्ष वाले ग्रुप में, 9.95 प्रतिशत पत्नियों की औपचारिक विवाह की आयु 20-22 वर्ष वाले ग्रुप में, 6.28 प्रतिशत पत्नियों की औपचारिक विवाह की आयु 22-24 वर्ष वाले ग्रुप में

तथा 2.97 प्रतिशत पत्नियो की औपचारिक विवाह की आयु 24 तथा अधिक वर्ष वाले ग्रुप मे था ।

सारिणी संख्या 16

पुरुष प्रतिवादियो का विवाह की आयु के अनुसार वितरण ।

पुरुषो की विवाह की आयु (वर्षों मे)	पुरुषो की संख्या	प्रतिशत
12 से कम	4	0.35
12-14	4	0.35
14-16	33	2.88
16-18	82	7.16
18-20	208	18.15
20-22	309	26.96
22-24	222	19.37
24-26	167	14.57
26-28	55	4.80
28-30	33	2.88
30 व अधिक	29	2.53
योग	1146	100

प्रयुक्त सारणी के अनुसार 1146 पुरूष प्रतिभागियों में 4 पुरूषों के विवाह की आयु 12 वर्ष से कम वाले ग्रुप में, 4 पुरूषों की विवाह की आयु 12-14 वर्ष वाले ग्रुप में, 33 पुरूषों की विवाह की आयु 14-16 वर्ष वाले ग्रुप में, 82 पुरूषों की विवाह की आयु 16-18 वर्ष वाले ग्रुप में, 208 पुरूषों की विवाह की आयु 18-20 वर्ष वाले ग्रुप में ,309 पुरूषों की विवाह की आयु 20-22 वर्ष वाले ग्रुप में, 222 पुरूषों की विवाह की आयु 22-24 वर्ष वाले ग्रुप में, 167 पुरूषों की विवाह की आयु 24-26 वर्ष वाले ग्रुप में, 55 पुरूषों की विवाह की आयु 26-28 वर्ष वाले ग्रुप में, 33 पुरूषों की विवाह की आयु 28-30 वर्ष वाले ग्रुप में तथा 29 पुरूषों की विवाह की आयु 30 तथा उससे अधिक वर्ष वाले ग्रुप में थी ।

इस प्रकार प्रतिशतानुसार विश्लेषण यह दर्शाता है कि 0.35 प्रतिशत पुरूषों का विवाह 12 से कम वर्ष वाले ग्रुप में, 0.35 प्रतिशत पुरूषों का विवाह 12-14 वर्ष वाले ग्रुप में 2.88 प्रतिशत पुरूषों का विवाह 14-16 वर्ष वाले ग्रुप में, 7.16 प्रतिशत पुरूषों का विवाह 16-18 वर्ष वाले ग्रुप में, 18-15 प्रतिशत पुरूषों का विवाह 18-20 वर्ष वाले ग्रुप में, 26.96 प्रतिशत पुरूषों का विवाह 20-22 वर्ष वाले ग्रुप में, 19.37 प्रतिशत पुरूषों का विवाह 22-24 वर्ष वाले ग्रुप में, 14.57 प्रतिशत पुरूषों का विवाह 24-26 वर्ष वाले ग्रुप में,4.80 पुरूषों का विवाह 26-28 वर्ष वाले ग्रुप में, 2.88 प्रतिशत पुरूषों का विवाह 28-30 वर्ष वाले ग्रुप में, तथा 2.53 प्रतिशत पुरूषों का विवाह 30 तथा उससे अधिक वर्ष वाले ग्रुप में था ।

सारिणी संख्या --17

पुरूष प्रतिवादियो के पत्नियो की विवाह-आयु के अनुसार वितरण ।

पत्नियो की विवाह आयु (वर्षों मे)	पुरूषो की संख्या	प्रतिशत
12 से कम	93	8.12
12-14	156	13.61
14-16	221	19.28
16-18	247	21.55
18-20	207	18.06
20-22	115	10.04
22-24	73	6.37
24 व इससे अधिक	34	2.97
योग	1146	100

उपर्युक्त सारणी मे 1146 पुरूषो की पत्नियो मे से, 93 पत्नियो की विवाह आयु 12 से कम वर्ष वाले ग्रुप मे, 156 पत्नियों की विवाह आयु 12-14 वर्ष वाले ग्रुप मे, 221 पत्नियो की विवाह आयु 14-16 वर्ष वाले ग्रुप मे, 247 पत्नियो की विवाह आयु 16-18 वर्ष वाले ग्रुप मे,

207 पत्नियों की विवाह आयु 18-20 वर्ष वाले ग्रुप में, 115 पत्नियों की विवाह आयु 20-22 वर्ष वाले ग्रुप में, 73 पत्नियों की विवाह आयु 22-24 वर्ष वाले ग्रुप में, तथा 34 पत्नियों की विवाह आयु 24 तथा इससे अधिक वर्ष वाले ग्रुप में था ।

इस भाँति प्रतिशतानुसार विश्लेषण से यह स्पष्ट होता है कि 8.12 प्रतिशत पुरुषों की पत्नियों का विवाह 12 से कम वर्ष वाले ग्रुप में हुआ था । 13.61 प्रतिशत पत्नियों की विवाह-आयु 12-14 वर्ष वाले ग्रुप में, 19.28 प्रतिशत पत्नियों की विवाह आयु 14-16 वर्ष वाले ग्रुप में में, 21.55 प्रतिशत पत्नियों की विवाह आयु 16-18 वर्ष वाले ग्रुप में, 18.06 प्रतिशत पत्नियों की विवाह आयु 18-20 वर्ष वाले ग्रुप में, 10.04 प्रतिशत पत्नियों की विवाह आयु 20-22 वर्ष वाले ग्रुप में, 6.37 प्रतिशत पत्नियों की विवाह आयु 22-24 वर्ष वाले ग्रुप में तथा 2.97 प्रतिशत पत्नियों की विवाह आयु 24 व इससे अधिक वर्ष वाले ग्रुप में थी ।

अध्याय -3

अध्ययनार्थ प्राक्य

प्रस्तुत अध्ययन " इलाहाबाद नगर में वैवाहिक आयु " पर शोध करने के लिये एक प्रयास है उसके अन्तर्गत वैवाहिक आयु को प्रभावित करने वाले सभी प्रकार के सामाजिक आर्थिक तथा जनांकिकी कारणो एवं वैवाहिक आयु से प्रभावित होने वाले सभी प्रकार के समाजिक आर्थिक तथा जनांकिकी पहलुओ पर अध्ययन किया गया है । जिन तथ्यो का अध्ययन करना महत्वपूर्ण समझा गया वे निम्न प्रकार है ।

1- ग्रमीण एवं नगरी पृष्टभूमि

2- धर्म

3- जाति

4- पुरूष की शिक्षा

5- स्त्री की शिक्षा

6- पुरूष का व्यवसाय

7- पुरूष के पिता का व्यवसाय

8- पुरूष के पत्नि के पिता का व्यवसाय

9- मासिक आय

10- किस सन् में पुरुष का विवाह हुआ ।

11- किस सन् में पत्नी का विवाह हुआ ।

12- जिन्होंने सन्तानोत्पादन कार्य पूरा कर लिया है उनके पैदा हुये बच्चों की संख्या

13- विवाह के कितने वर्ष बाद प्रथम बच्चा पैदा हुआ ।

14- शैशव काल में मरे हुये बच्चों की संख्या

15- प्रसव अवस्था में मृत ~~बच्चा~~ शिशुओं की संख्या ।

16- दम्पति द्वारा परिवार नियोजन के किसी विधि का वर्तमान समय में प्रयोग ।

17- दम्पति द्वारा परिवार नियोजन के किसी विधि का कभी भी प्रयोग

18- विवाह के कितने वर्ष बाद प्रथम बच्चा पैदा होना चाहिये ।

उपर्युक्त घटकों का सम्बन्ध वैवाहिक आयु से स्थापित करने का हर संभव प्रयास हुआ । यह ज्ञात करना ~~[illegible]~~ का प्रयत्न हुआ है कि वैवाहिक आयु को कौन कौन से घटक किसी सीमा तक प्रभावित करते है तथा कौन कौन से घटकों पर वैवाहिक आयु का प्रभाव किसी सीमा तक पड़ता है । प्रस्तुत अध्ययन के लिये जो प्रश्नोत्तरी पत्रक प्रयोग में लायी गयी है उसका प्रारूप ~~निम्न~~ निम्न है ।

प्रश्नोत्तरी पत्रक

1- नाम

2- स्थानीय पता

3- स्थायी पता

पति	पत्नी

4- आयु (वर्षों में)

5- शिक्षा

6- धर्म

7- जाति

8- व्यवसाय

9- औपचारिक विवाह
की आयु (वर्षों में)

10- विवाह की आयु (वर्षों में)

11- एक से अधिक विवाह करने कारण

- तलाक
- मृत्यु
  - प्रथम अवस्था
  - बाद में

12- पुरूषों के पिता का व्यवसाय

13- पुरूषों के पत्नी के पिता का व्यवसाय

14- कुल मासिक आय (रूपयों में)

15- पैदा हुए बच्चों का लेखा जोखा

स्त्री -पुरूष	जन्म तिथि	शैशव काल में मरे हुये बच्चों की संख्या

16- विवाह के कितने वर्षों बाद प्रथम बच्चा पैदा होना चाहिये ।

(i) जितना जल्दी संभव हो ।

(ii) विवाह के कुछ समय बाद

अस्पष्ट उत्तर   कितने वर्षों बाद

17- दम्पति द्वारा परिवार नियोजन के किसी भी विधि का चालू समय में प्रयोग । हाँ / नहीं /

18- दम्पति द्वारा परिवार नियोजन के किसी भी विधि का कभी भी प्रयोग । हाँ / नहीं ।

अध्याय -4

क्षेत्र का सर्वेक्षण

क्षेत्र सर्वेक्षण का कार्य 15 अप्रैल सन् 1974 को आरम्भ किया जो कि मार्च सन् 1975 तक समाप्त हुआ । निदर्शन मे कुल 1212 कृषक थे । उपर्युक्त कृषको मे से केवल 1146 कृषको ने ही प्रश्नावली पत्रक के प्रश्नोत्तर दे कर मेरे कार्य मे सहयोग दिया । शेष 66 कृषको मे से 30 कृषको के निवास स्थान पर कई बार जाने पर भी उनसे भेंट न होने के कारण उनका सहयोग न प्राप्त हो सका । तथा अन्य 66 कृषको से सम्पर्क होने पर भी उन्होने प्रश्नावली का उत्तर देने से इनकार कर दिये । इस प्रकार सर्वेक्षण के काल मे 2.9 प्रतिशत लोगो ने प्रश्नावली का उत्तर देने से मुकर गये तथा 2.4 प्रतिशत लोगो से सम्पर्क नही हो पाया अन्य शेष 94.7 प्रतिशत लोगो ने प्रश्नावली का उत्तर दे कर हमारे कार्य मे सहयोग प्रदान किया

सर्वेक्षण का क्षेत्र 27 खण्डो मे विभक्त था । सर्वेक्षणकर्ता ने स्वत: प्रथम खण्ड से सत्ताइसवो खण्डो का सर्वेक्षण सम्पन्न किया । जिसके अन्तर्गत हमे 94.7 प्रतिशत कृषको से प्रश्नोत्तरी पत्रक की पूर्ति करने मे सहयोग मिला ।

सर्वेक्षण कार्य के सम्पादित होने में लगभग 11 माह लगा । इस विलम्बता के कई कारण थे । प्रथम कारण यह था कि मेरे पास आवागमन के साधनों में मात्र साइकिल ही थी जिसके द्वारा मै प्रतिवादियों से सम्पर्क स्थापित करता था । द्वितीय कारण यह था कि प्रातः का 9 बजे से पूर्व तथा सायं का 5 बजे के बाद ही प्रतिवादो से साक्षात्कार होना सम्भव होता था । अतः समयाभाव के कारण इस कार्य की प्रगति लाने में दोनो पक्ष में असमर्थता थी । तृतीय कारण यह था कि इलाहाबाद में गर्मी के ऋतु में भयंकर गर्मी सर्दी में अत्यधिक सर्दी तथा वर्षा काल में अधिक वर्षा के कारण सर्वेक्षण के निर्धारित कार्य में भी अवरोध पड़ जाता था । चतुर्थ कारण यह था कि बहुत से प्रतिवादियों के निवास स्थान पर कई बार जाने के उपरान्त ही उनसे भेंट हो पाती थी । उपर्युक्त कारणों से सर्वेक्षण में हमारी संभावना से अत्यधिक समय लग गया ।

सर्वेक्षण से यह स्पष्ट हो गया कि सैध्दान्तिक और व्यवहारिक ज्ञान में बहुत अन्तर है । साथ ही यह भी सिध्द हो गया कि सिध्दान्त के रूप में जो सत्य है वह व्यवहार मे सत्य हो भी सकता है और असत्य भी । अतः दोनो प्रकार की संभावनाएं समान भी हो सकती है । हमे सर्वेक्षण काल

में अनेक प्रकार के अनुभव हुए । सर्वेक्षण के समय में कभी तो हंसाने वाली, गमों हँसाने वाली, कभी आश्चर्य चकित करने वाली तथा कभी गम्भीरता से सोचने वाली स्थिति उत्पन्न हो जाती थी । विभिन्न प्रकार के व्यक्तियों से मिलने से विभिन्न प्रकार की मानव प्रवृत्तियों का अनुभव हुआ, जो कि बहुत ही आनन्ददायक रहा । सर्वेक्षण काल में जो अनुभव हुआ , उसका उल्लेख निम्न प्रकार है :-

एक बेरोजगार मुस्लिम धर्म के अनुयायी स्नातक युवक ने प्रश्नोत्तरी पत्रक का उत्तर देना अस्वीकार कर दिया और उसका व्यवहार ऐसा था जैसा एक अनपढ़ व्यक्ति भी न करता होगा । जिससे यह स्पष्ट हुआ कि शिक्षित व्यक्ति भी संकुचित विचारधारा के कारण समष्ठिभावी विचारों के अनुसंधान में सहयोग प्रदान नहीं कर सकता है ।

हिन्दू धर्म के अनुयायी एवं पुराने विचार धारा के पंडित जी से मिलने पर उन्होंने प्रश्नोत्तरी पत्रक के उत्तर देते हुये प्रश्न किया। वह प्रश्न इस प्रकार था मेरे परिवार में उत्पन्न हुए कुल बच्चों की संख्या पूछने का

क्या प्रयोजन है । इस पर मैंने उन्हें स्पष्टतः बताया कि मैं यह अध्ययन करना चाहता हूँ कि विवाह की आयु और पैदा हुए कुल बच्चों की संख्या में कोई सह- सम्बन्ध है या नहीं । अर्थात- विवाह की आयु में जैसे जैसे वृध्दि होती जाती है पैदा हुए कुल बच्चों की संख्या घटती है या पूर्ववत हो रहती है । इस पर उन्होंने कहा कि विवाह की आयु और कुल पैदा हुए बच्चों की संख्या में कोई सह-सम्बन्ध नहीं है क्यों कि बच्चे तो भगवान की देन है । मैंने उन्हें इस प्रकार समझाया कि यदि कम उम्र में कन्या का विवाह हो जाता है तो उसकी प्राजनन की अवधि बढ़ जाती है और अधिक उम्र पर विवाह होता है तो प्रजनन की अवधि- अपेक्षाकृत घट जाती है । अतः कन्या का विवाह अधिक उम्र पर करने पर अपेक्षाकृत कम सन्तान उत्पन्न होने की सम्भावना रहती है । पंडित जी अब बोले, भारतीय धर्म -शास्त्रों के अनुसार कन्या का पाणिग्रहण संस्कार रजस्वला होने के पूर्व ही हो जाना चाहिए अन्यथा उसके माता -पिता नरकगामी होते हैं । इस सन्दर्भ में उनका यह श्लोक महत्वपूर्ण है :-

"अष्ट वर्षा भवेद्गौरी नव वर्षा च रोहिणी । दशमा अर्म भवेत्कन्या तत् ऊर्ध्वं रजस्वला।।"

(1) उपर्युक्त तर्कों से यह प्रतिपादित होता है कि पुराने विचारधारा के पंडित जो आज के युग में कन्यों के रजस्वला होने से पूर्व ही विवाह करने के पक्ष में है एवं बच्चों को भगवान् की देन मानते है ।

जब मै एक अशिक्षित हरिजन से प्रश्नोत्तरी पत्रक के उत्तर पूछ रहा था तो उसने पैदा हुए कुल बच्चों को संख्या को बताने से इनकार कर दिया । वह मन ही मन भयभीत हो रहा था कि मै कही उसके बच्चों की संख्या सरकार को सूचित न कर दूँ और उसकी नसबन्दी कर दी जाय क्योंकि उस समय . नसबन्दी का बोलबाला चर्मोत्कर्ष पर था । जब मै उसको भलीभाँति समझाया कि यह मात्र व्यक्तिगत अनुसंधान के लिये ही पूछ रहा हूँ । मेरी बातों से संतुष्ट होने पर उसने अपने बच्चों की कुल संख्या को बताया । जिससे यह ज्ञात हुआ कि बलात नसबंन्दी के भय से अशिक्षित

जनता प्रश्नोत्तरी पत्रक का उत्तर देने में भयभीत हो रही थी। इस प्रकार यह निष्कर्ष निकला कि शान्ति पूर्ण वातावरण में ही प्रश्नोत्तरी पत्रक की पूर्ति में जनता का पूर्ण सहयोग मिल जाता है। अतः अनुसंधान कर्त्ता को इस कार्य के सम्पादन के लिये भयोनिर्भय वातावरण आवश्यक है। यदि शांतिमय वातावरण नहीं है तो आंकड़े में अशुध्दि की संभावना अधिक रहती है।

एक केन्द्र में कार्य करने वाले सज्जन के घर दो बार गया लेकिन उनसे भेंट नहीं हुई, दोनों ही बार उनकी पत्नी ने उत्तर दिया कि वे घर पर नहीं है। जब तीसरी बार उनसे भेंट हुई तो प्रश्नावली का उत्तर देना तो दूर रहा, उन्होंने कहा कि भविष्य में आप मेरे यहाँ आने का कष्ट न करेगें। मुझे व्यर्थ की बातों में पड़ने का अवकाश नहीं है। जिससे यह स्पष्ट होता है कि अनुसंधान को कुछ लोग व्यर्थ का कार्य भी कह सकते है। तथा अनुसंधानकर्त्ता को हतोत्साहित भी कर जाते है।

लेकिन कुछ व्यक्ति ऐसे भी मिले जो प्रश्नोत्तरी पत्रक की पूर्ति सहानुभूति पूर्वक कराई। साथ ही अनुसन्धान कार्य के लिये हमे उनसे प्रोत्साहन भी मिला। इन व्यक्तियों में से अधिकांश शिक्षक तथा वकील थे। प्रो० जे० के० मेहता से जिस भाँति हमें प्रोत्साहन मिला वह अकथनीय है।

जिन व्यक्तियों ने प्रश्नोत्तरी पत्रक की पूर्ति कराने में भली भाँति सहयोग दिया उनमें से अधिकांश शिक्षित तथा व्यवहार कुशल व्यक्ति थे। उसके साथ ही साथ जिन व्यक्तियों ने प्रश्नोत्तरी पत्रक की पूर्ति कराना स्वीकार नहीं किया उनमें से अधिकांश अशिक्षित या संकुचित विचार धारा के लोग थे।

इस प्रकार यह ज्ञात हुआ कि बहुत ही थोड़े व्यक्ति जिन्होंने प्रश्नोत्तरी पत्रक का उत्तर नहीं दिये, उनके अतिरिक्त अधिकांश व्यक्तियों का सहयोग सदैव मिलता रहा। भले ही प्रश्नोत्तरी पत्रक का उत्तर लेने के लिये उनके निवास स्थान पर अनेक बार जाने पड़ा हो, या उनका समझाने में अधिक समय लगा हो या निवास स्थान ढूँढने में अधिक परेशानी उठानी पड़ी हो। अन्तत: सर्वेक्षण कार्य बहुत ही आनन्ददायक रहा। सर्वेक्षण करने से यह ज्ञात हुआ कि सर्वेक्षणकर्त्ता को धैर्यवान, व्यवहार कुशल तथा क्षेत्र की रीति-रिवाजों से भली भाँति परिचित होना चाहिए। इसके साथ ही साथ प्रश्नोत्तरी पत्रक को पूर्ति करने का काल सामान्य रूपेण शान्तिपूर्ण होना आवश्यक है।

अध्याय - 5

उपलब्धियाँ

नगर एवं ग्रामीण पृष्ठ भूमि

प्रस्तुत शीर्षक के अन्तर्गत ग्रामीण एवं नगर क्षेत्र का प्रभाव पुरुष प्रतिवादियों एवं उनकी पत्नियों की विवाह आयु पर क्या पड़ता है यह ज्ञात करने का यत्न किया गया है। जिसके लिए सर्वप्रथम न्यादर्श में उपलब्ध पुरुष प्रतिवादी जिनका स्थायी निवास स्थान नगर या ग्रामीण क्षेत्र था उनका अलग-अलग विभाजन करके अध्ययन प्रारम्भ किया गया है । ग्रामीण क्षेत्र के पुरुषों एवं उनकी पत्नियों की अलग-अलग विवाह आयु तथा उनके विवाह-आयु के बीच कोई सह-सम्बन्ध है या नहीं इसकी जानकारी प्राप्त करने का भी प्रयत्न किया गया है । तदुपरान्त नगर क्षेत्र के पुरुषों एवं उनकी पत्नियों का अलग - अलग विवाह-आयु तथा उनके विवाह-आयु के बीच सह सम्बन्ध गुणांक निकालने का यत्न किया गया है ।

ग्रामीण एवं नगर क्षेत्र के पुरुषों एवं उनकी पत्नियों की विवाह-आयु का तुलनात्मक अध्ययन पृथक - पृथक मिश्रित पुरुषों एवं उनकी पत्नियों की विवाह आयु के परिप्रेक्ष्य में किया गया है । साथ ही मिश्रित पुरुषों एवं उनकी पत्नियों की विवाह-आयु के मध्य सह-सम्बन्ध गुणांक निकाल कर, ग्रामीण एवं नगर क्षेत्र के पुरुषों एवं उनकी पत्नियों के बीच निकाले गये सह-सम्बन्ध गुणांक से तुलनात्मक रूप से अध्ययन किया गया है ।

सारिणी संख्या - 18

ग्रामोत्पन्न पुरुष प्रतिवादियों की वैवाहिक आयु के अनुसार वितरण

पुरुषों की विवाह आयु (वर्षों में)	पुरुषों की संख्या	प्रतिशत
12 से कम	1	0.49
12 - 14	3	1.46
14 - 16	15	7.32
16 - 18	27	13.17
18 - 20	45	21.95
20 - 22	51	24.88
22 - 24	31	15.12
24 - 26	20	9.76
26 - 28	5	2.44
28 - 30	3	1.46
30 व अधिक	4	1.95
योग :	205	100

यह सारिणी पुरुष प्रतिवादी के जन्म स्थान के अनुसार निर्मित की गयी है। इसमें केवल ग्राम्य उत्पन्न व्यक्ति ही हैं।

प्रस्तुत न्यादर्श में ग्राम्य में उत्पन्न 205 पुरुष हैं।

ग्राम्य में उत्पन्न 205 पुरुष प्रतिवादियों का वैवाहिक आयु के अनुसार वितरण इस प्रकार मिला है कि कुल 205 में से 1(0.49प्रतिशत) 3(1.46 प्रतिशत), 15 (7.32 प्रतिशत), 27 (13.17 प्रतिशत) 45(21.95 प्रतिशत), 51 (24.88)प्रतिशत), 31(15.12प्रतिशत) 20 (9.76 प्रतिशत), 5(2.44 प्रतिशत), 3 (1.46 प्रतिशत) तथा 4 (1.95 प्रतिशत) का विवाह क्रमशः 12 से कम, (12-14), (14-16), (16-18), (18-20), (20-22), (22-24), (24-26), (26-28), (28-30) तथा 30 व अधिक आयु वाले ग्रुप में हुआ था।

इस वर्ग के न्यादर्श के पुरुषों में ऐसे लगभग नगण्य हैं जिनका विवाह 12 वर्ष से पूर्व की आयु में हुआ हो। इसमें ऐसे व्यक्तियों का सबसे बड़ा समूह है जिनका विवाह (20-22) वर्ष की आयु वाले ग्रुप में हुआ है। इन व्यक्तियों का अनुपात 24.88 प्रतिशत है। यह स्मरणीय है कि इस ग्रुप से कम आयु वाले ग्रुपों में विवाह करने वालों का अनुपात, इससे अधिक आयु वाले ग्रुपों में विवाह करने वालों के अनुपात से अधिक है। यह अनुपात क्रमशः 44.39 प्रतिशत तथा 30.73 प्रतिशत है।

उपर्युक्त सारिणी से यह स्पष्टतः प्रदर्शित होता है कि लगभग तीन चौथाई व्यक्तियों का विवाह 22 वर्ष से पूर्व एवं लगभग एक चौथाई व्यक्तियों का विवाह 22 वर्ष व अधिक आयु में हुआ है। ग्राम्योत्पन्न व्यक्तियों की वैवाहिक आयु का भूयिष्ठक 20.46 वर्ष है।

सारिणी संख्या - 19

ग्रामोत्पन्न पुरुष प्रतिवादियों की पत्नियों का वैवाहिक आयु के अनुसार वितरण

पत्नियों की विवाह आयु (वर्षों में)	पुरुषों की संख्या	प्रतिशत
12 से कम	25	12.19
12- 14	31	15.12
14 - 16	50	24.40
16 - 18	45	21.95
18 - 20	32	15.61
20 - 22	19	9.27
22 - 24	2	0.97
24 व अधिक	1	0.49
योग :	205	100

यह सारिणी पुरुष प्रतिवादि के जन्मस्थान के अनुसार प्रस्तुत की गई है । इसमें केवल गाँव में उत्पन्न व्यक्ति ही सम्मिलित है ।

सम्प्रति निदर्शन में गाँव में उत्पन्न हुए 205 व्यक्ति ही हैं ।

गाँव में उत्पन्न हुए 205 पुरुष प्रतिवादियों की पत्नियों की वैवाहिक आयु के अनुसार वितरण इस प्रकार है कि 25(12.19 प्रतिशत)

31(15.12 प्रतिशत), 50(24.40 प्रतिशत), 45(21.95 प्रतिशत) 32(15.61 प्रतिशत), 19(9.27 प्रतिशत), 2(0.97 प्रतिशत) तथा 1(0.49 प्रतिशत) पुरुषों की पत्नियों का विवाह क्रमशः 12 से कम, (12-14), (14-16), (16-18), (18-20), (20-22), (22-24), तथा 24 से अधिक आयु वाले ग्रुप में हुआ था।

इस वर्ग के न्यादर्श के पुरुषों की पत्नियों में से ऐसी महिलाएँ लगभग नगण्य हैं जिनका विवाह 22 वर्ष व अधिक की आयु में हुआ है। इनका अनुपात 1.46 प्रतिशत है। सबसे बड़ा समूह ऐसे व्यक्तियों का है जिनकी पत्नियों का विवाह (14-16 वर्ष) की आयु वाले ग्रुप में हुआ है। इनका अनुपात 24.39 प्रतिशत है। यह स्मरणीय है कि इस ग्रुप से कम आयु वाले ग्रुपों में विवाह करने वाली महिलाओं का अनुपात, इससे अधिक आयु वाले ग्रुपों में विवाह करने वाली महिलाओं के अनुपात से कम है। यह अनुपात क्रमशः 27.32 प्रतिशत तथा 48.29 प्रतिशत है।

इस तालिका से यह स्पष्टतः है कि लगभग आधे व्यक्तियों की पत्नियों का विवाह 16 वर्ष से पूर्व तथा आधे व्यक्तियों की पत्नियों का विवाह 16 व अधिक आयु में हुआ है। गाँव में उत्पन्न व्यक्तियों की पत्नियों की वैवाहिक आयु का मध्यिका 15.58 वर्ष है।

सारिणी संख्या - 20

ग्राम्योत्पन्न पुरुष प्रतिवादियों तथा उनकी पत्नियों की वैवाहिक आयु के अनुसार वितरण

पुरुषों की विवाह आयु (वर्षों में)/ पत्नियों की विवाह आयु (वर्षों में)	12 से कम	12-14	14-16	16-18	18-20	20-22	22-24,	24-26,	26-28,	28-30	30 से ऊपर	टोटल
12 से कम	1	3	7	5	2	3	2	1			1	25
12-14			4	6	14	2	3	2				31
14-16			3	13	13	15	3	1	1		1	50
16-18				3	12	16	8	3	1	1	1	45
18-20			1		4	13	3	8	1	2		32
20-22						2	12	3	2			19
22-24								2				2
24-26											1	1
टोटल	1	3	15	27	45	51	31	20	5	3	4	205

यह सारिणी पुरुष प्रतिवादी के जन्म-स्थान के अनुसार प्रस्तुत की गई है। इसमें केवल गांव में उत्पन्न व्यक्ति ही हैं।

प्रस्तुत निदर्शन में ग्राम्योत्पन्न 205 व्यक्ति ही हैं।

गांव में उत्पन्न 205 पुरुष प्रतिवादियों तथा उनकी पत्नियों की वैवाहिक आयु के अनुसार वितरण इस सारिणी में प्रस्तुत किया गया है। इस सारिणी से यह

प्रतीत होता है कि गाँव वाले पुरुषों तथा उनकी पत्नियों की वैवाहिक आयु में परिवर्तन एक ही दिशा में हो रहा है या विपरीत दिशा में हो रहा है । इसके लिए कार्ल पियर्सन की सह-सम्बन्ध गुणांक विधि प्रयुक्त की गई है । जिसका सूत्र निम्नलिखित है ।

$$r = \frac{n\sum f.dx.dy - (\sum f.dx)(\sum f.dy)}{\sqrt{\sum f.dx^2 \times n - (\sum f.dx)^2}\sqrt{\sum f.dy^2 \times n - (\sum f.dy)^2}}$$

इस सूत्र से निष्कासित सह-सम्बन्ध गुणांक +0.848 है । अर्थात उच्च श्रेणी का धनात्मक सह-सम्बन्ध है । जिससे यह स्पष्ट होता है कि गाँव वाले पुरुषों की वैवाहिक आयु की वृद्धि के साथ ही साथ उनकी पत्नियों की वैवाहिक आयु में भी वृद्धि होती है ।

सारिणी संख्या - 21

नगर में उत्पन्न पुरुषों प्रतिवादियों की वैवाहिक आयु के अनुसार

वितरण

पुरुषों की विवाह-आयु (वर्षों में)	पुरुषों की संख्या	प्रतिशत
12 से कम	3	0.32
12- 14	1	0.10
14- 16	18	1.91
16- 18	55	5.85
18- 20	163	17.32
20- 22	258	27.42
22-24	191	20.30
24-26	147	15.62
26-28	50	5.31
28- 30	30	3.19
30 से अधिक	25	2.66
योग :	941	100

यह सारिणी पुरुष प्रतिवादी के जन्म-स्थान के अनुसार उपलब्ध है । इसमें मात्र नगर में उत्पन्न व्यक्ति ही हैं ।

कम्प्रति स्यादर्श में 941 व्यक्तियों का जन्म नगर में हुआ है।

नगर में उत्पन्न 941 पुरुष प्रतिवादियों का वैवाहिक आयु के अनुसार वितरण इस प्रकार है कि 941 व्यक्तियों में 3(0.32 प्रतिशत), 1(0.10)प्रतिशत), 18 (1.91 प्रतिशत), 55(5.58 प्रतिशत), 163(17.32 प्रतिशत), 258 (27.42 प्रतिशत), 191(20.30प्रतिशत), 147(15.62 प्रतिशत), 50(5.31 प्रतिशत), 30(3.19) प्रतिशत) तथा 25(2.66 प्रतिशत) का विवाह क्रमशः 12 से कम, (12-14), (14-16), (16-18), (18-20), (20-22), (22-24), (24-26), (26-28), (28-30) तथा 30 से अधिक आयु वाले ग्रुप में हुआ था।

इस वर्ग के स्यादर्श के पुरुषों में से ऐसे व्यक्ति लगभग नगण्य हैं जिनका विवाह 14 वर्ष से पूर्व की आयु में हुआ है। सबसे बड़ा समूह ऐसे व्यक्तियों का है जिनका विवाह (20-22 वर्ष) की आयु वाले ग्रुप में हुआ है। इनका अनुपात 27.42 प्रतिशत है। यह स्मरणीय है कि इस ग्रुप से कम आयु वाले ग्रुपों में विवाह करने वालों का अनुपात इससे अधिक आयु वाले ग्रुपों में विवाह करने वालों के अनुपात से कम है। यह अनुपात क्रमशः 25.50 प्रतिशत तथा 47.08 प्रतिशत है।

इस सारिणी से यह स्पष्ट होता है कि लगभग आधे व्यक्तियों का विवाह 22 वर्ष से पूर्व तथा आधे व्यक्तियों का विवाह 22 वर्ष व अधिक की आयु में हुआ है । नगर में उत्पन्न हुए व्यक्तियों की वैवाहिक - आयु का भूयिष्ठक 21.17 वर्ष है ।

सारिणी संख्या - 22

शहर में उत्पन्न पुरुष प्रतिवादियों की पत्नियों का वैवाहिक आयु के अनुसार वितरण

पुरुषों की पत्नियों के विवाह की आयु वर्षों में	पुरुषों की संख्या	प्रतिशत
12 से कम	68	7.22
12- 14	125	13.28
14 - 16	171	18.17
16 - 18	202	21.46
18 - 20	175	18.60
20- 22	96	10.21
22 - 24	71	7.55
24 व उससे अधिक	33	3.51
योग	941	100

यह सारिणी पुरुष प्रतिवादी के जन्म-स्थान के अनुसार निर्मित है। इसमें मात्र नगर में उत्पन्न व्यक्ति ही हैं।

प्रस्तुत निदर्शन में 941 पुरुषों का जन्म शहर में हुआ था ।

शहर में उत्पन्न 941 पुरुष प्रतिवादियों की पत्नियों की वैवाहिक आयु के अनुसार वितरण इस प्रकार है कि 941 पुरुषों में 68(7.22 प्रतिशत), 125(13.28 प्रतिशत), 171 (18.17 प्रतिशत), 202(21.46 प्रतिशत), 175(18.69 प्रतिशत) तथा 96(10.21 प्रतिशत), 71(7.55 प्रतिशत) तथा 33 (3.51 प्रतिशत) क्रमशः पुरुषों की पत्नियों का विवाह क्रमशः 12 से कम, (12-14), (14-16), (16-18), (18-20), (20-22), (22-24), तथा 24 व अधिक आयु वाले ग्रुप में हुआ था ।

इस वर्ग के उत्तरदाता के पुरुषों की पत्नियों में ऐसी महिलाएँ लगभग नगण्य हैं जिनकी कि विवाह 24 व इससे अधिक आयु में हुआ है । इनका अनुपात 3.51 प्रतिशत है । सबसे बड़ा समूह ऐसे पुरुषों का है जिनकी पत्नियों का विवाह (16-18 वर्ष) की आयु वाले ग्रुप में हुआ है । यह स्मरणीय है कि इस ग्रुप से कम आयु वाले ग्रुपों में विवाह करने वाली महिलाओं का अनुपात, इससे अधिक वर्ष की आयु वाले ग्रुपों में विवाह करने वाली महिलाओं के अनुपात से अधिक है । यह अनुपात क्रमशः 38.67 प्रतिशत तथा 39.87 प्रतिशत है ।

इस तालिका से यह स्पष्ट है कि लगभग 60 प्रतिशत पुत्रों की पत्नियों का विवाह 18 वर्ष से पूर्व की आयु में तथा लगभग 40 प्रतिशत पुत्रों की पत्नियों का विवाह 18 वर्ष व इससे अधिक आयु में हुआ है । शहर में उत्पन्न पुत्रों की पत्नियों की वैवाहिक - आयु का मूयिष्ठक 17.06 वर्ष है ।

सारिणी संख्या नं० - 23

नगर में उत्पन्न पुरुषों एवं उनकी पत्नियों की वैवाहिक आयु के अनुसार वितरण

पुरुषों की विवाह आयु वर्षों में / पुरुषों की स्त्रियों की विवाह आयु वर्षों में	12 से कम	12-14	14-16	16-18	18-20	20-22	22-24	24-26	26-28	28-30	30+	टोटल
12 से कम	3	0	9	18	16	14	4	2	1	1		68
12- 14		1	6	18	50	26	18	2	2	1	1	125
14-16			3	16	52	69	15	10	4	1	1	171
16 - 18				2	39	90	59	3	5	1	3	202
18 - 20				1	6	58	70	31	4	2	3	175
20 - 22						1	22	52	15	4	2	96
22 - 24							2	45	12	6	6	71
24 व इससे अधिक							1	2	7	14	9	33
टोटल	3	1	18	55	163	258	191	147	50	30	25	941

यह सारिणी पुरुष प्रतिवादि के जन्म स्थान के अनुसार है। इसमें मात्र नगर में उत्पन्न हुए व्यक्ति की प्रविष्टि है।

सम्पूर्ण निदर्शन में 941 व्यक्तियों का जन्म शहर में हुआ है ।

शहर में उत्पन्न 941 पुरुष प्रतिवादियों तथा उनकी पत्नियों की वैवाहिक -आयु के अनुसार वितरण इस सारिणी में है । इस वर्ग के पुरुषों एवं उनकी पत्नियों की वैवाहिक -आयु का सह-सम्बन्ध गुणांक कार्ल पियर्सन के सह- सम्बन्ध गुणांक विधि द्वारा निकाला गया है । यह सह सम्बन्ध गुणांक + 0.6661 है । अर्थात मध्यम श्रेणी का धनात्मक सह-सम्बन्ध गुणांक है । जिससे यह स्पष्ट है कि नगर में उत्पन्न व्यक्तियों की वैवाहिक - आयु के साथ - साथ उनकी पत्नियों की वैवाहिक - आयु में भी परिवर्तन एक ही दिशा में हो रहा है ।

सारिणी संख्या - 24

गाँव एवं नगर में उत्पन्न पुरुष प्रत्यर्थियों का वैवाहिक आयु के अनुसार पृथक पृथक वितरण तथा मिश्रित रूप से उनका उनकी विवाह-आयु के अनुसार वितरण

	गाँव में उत्पन्न		नगर में उत्पन्न		मिश्रित	
पुरुषों की विवाह आयु (वर्षों में)	पुरुषों की संख्या	प्रतिशत	पुरुषों की संख्या	प्रतिशत	योग	प्रतिशत
12 से कम	1	0.49	3	0.32	4	0.35
12 - 14	3	1.46	1	0.10	4	0.35
14 - 16	15	7.32	18	1.91	33	2.88
16 - 18	27	13.17	55	5.85	82	7.16
18 - 20	45	21.95	163	17.32	208	18.15
20 - 22	51	24.83	258	27.42	309	26.96
22 - 24	31	15.12	191	20.30	222	19.37
24 - 26	20	9.76	147	15.62	167	14.57
26 - 28	5	2.44	50	5.31	55	4.80
28 - 30	3	1.46	30	3.19	33	2.88
30 व इससे अधिक	4	1.95	25	2.66	29	2.53
योग	205	100	941	100	1146	100

यह सारिणी यह दर्शाती है कि गाँव में उत्पन्न पुरुषों

का अनुपात 0.49 प्रतिशत है तथा नगर में उत्पन्न पुरुषों का अनुपात 0.32 प्रतिशत है जबकि इन दोनों प्रकार के व्यक्तियों के योग का अनुपात 0.35 प्रतिशत है जिनका विवाह 12 वर्ष के पूर्व आयु वाले ग्रुप में हुआ है । गाँव में उत्पन्न पुरुषों का अनुपात 1.46 प्रतिशत है तथा नगर में उत्पन्न हुए पुरुषों का अनुपात 0.10 प्रतिशत है जबकि इन दोनों प्रकार के व्यक्तियों के योग का अनुपात 0.35 प्रतिशत है जिनका विवाह (12-14 वर्ष) की आयु वाले ग्रुप में हुआ है । गाँव में उत्पन्न पुरुषों का अनुपात 7.32 प्रतिशत तथा नगर में उत्पन्न पुरुषों का अनुपात 1.91 प्रतिशत है जबकि इन दोनों प्रकार के व्यक्तियों के योग का अनुपात 2.38 प्रतिशत है जिनका विवाह (14- 16 वर्ष) की आयु वाले ग्रुप में हुआ है । गाँव में उत्पन्न पुरुषों का अनुपात 13.17 प्रतिशत तथा नगर में उत्पन्न पुरुषों का अनुपात 5.85 प्रतिशत है जबकि इन दोनों प्रकार के व्यक्तियों के योग का अनुपात 7.16 प्रतिशत है जिनका विवाह (16-18 वर्ष) की आयु वाले ग्रुप में हुआ है । गाँव में उत्पन्न पुरुषों का अनुपात 21.95 प्रतिशत एवं नगर में उत्पन्न पुरुषों का अनुपात 17.32 प्रतिशत है जबकि इन दोनों प्रकार के व्यक्तियों के योग का अनुपात 18.15 प्रतिशत है जिनका विवाह (18-20 वर्ष) की आयु वाले ग्रुप में हुआ है । गाँव में उत्पन्न पुरुषों का अनुपात 24.88 प्रतिशत तथा शहर में उत्पन्न पुरुषों का अनुपात 27.42 प्रतिशत है जबकि इन दोनों प्रकार के व्यक्तियों के योग का अनुपात 26.96

प्रतिशत है जिनका विवाह (20-22) वर्ष की आयु वाले ग्रुप में हुआ है । गाँव में उत्पन्न पुरुषों का अनुपात 15.12 प्रतिशत है एवं नगर में उत्पन्न पुरुषों का अनुपात 20.30 प्रतिशत है जबकि इन दोनों प्रकार के व्यक्तियों के योग का अनुपात 19.37 प्रतिशत है जिनका विवाह (22-24) वर्ष की आयु वाले ग्रुप में हुआ है । गाँव में उत्पन्न पुरुषों का अनुपात 9.76 प्रतिशत एवं नगर में उत्पन्न पुरुषों का अनुपात 15.62 प्रतिशत है जबकि इन दोनों प्रकार के व्यक्तियों के योग का अनुपात 14.57 प्रतिशत है जिनका विवाह (24-26) वर्ष की आयु वाले ग्रुप में हुआ है । गाँव मे उत्पन्न पुरुषों का अनुपात 2.44 प्रतिशत एवं नगर में उत्पन्न पुरुषों का अनुपात 5.31 प्रतिशत है जबकि दोनों प्रकार के व्यक्तियों के योग का अनुपात 4.80 प्रतिशत है जिनका विवाह (26-28) वर्ष की आयु वाले ग्रुप में हुआ है । गाँव में उत्पन्न पुरुषों का अनुपात 1.46 प्रतिशत एवं नगर में उत्पन्न पुरुषों का अनुपात 3.19 प्रतिशत है जबकि इन दोनों प्रकार के व्यक्तियों के योग का अनुपात 2.83 प्रतिशत है जिनका विवाह (28-30 वर्ष) की आयु वाले ग्रुप में हुआ है । गाँव में उत्पन्न पुरुषों का अनुपात 1.95 प्रतिशत एवं नगर में उत्पन्न पुरुषों का अनुपात 2.66 प्रतिशत है जबकि इन दोनों प्रकार के व्यक्तियों के योग का अनुपात 2.53 प्रतिशत है जिनका विवाह 30 व अधिक आयु वाले ग्रुप में हुआ है ।

इस सारिणी से यह स्पष्टतः प्रदर्शित होता है कि 12 वर्ष से पूर्व की वैवाहिक आयु वाले ग्रुप से लेकर 20-22 वर्ष) की वैवाहिक

आयु वाले ग्रुप तक विवाह करने वालों में गाँव में उत्पन्न व्यक्तियों का अनुपात, नगर में उत्पन्न व्यक्तियों के अनुपात से अधिक है। जबकि (22-24 वर्ष) की वैवाहिक-आयु वाले ग्रुप से लेकर 30 व अधिक की वैवाहिक-आयु वाले ग्रुपों में विवाह करने वालों में गाँव में उत्पन्न व्यक्तियों का अनुपात, नगर में उत्पन्न व्यक्तियों के अनुपात से कम है। इसके साथ ही साथ यह भी स्पष्ट है कि दोनों प्रकार के व्यक्तियों में 12 वर्ष से पूर्व की वैवाहिक-आयु वाले ग्रुप से लेकर (20-22 वर्ष) की वैवाहिक आयु वाले ग्रुप तक विवाह करने वालों का अनुपात क्रमशः वृद्धि पर है तथा इसके बाद क्रमशः घटते हुए 30 व अधिक की वैवाहिक आयु वाले ग्रुप तक घट रहा है। अतः स्पष्टतः शब्दों में यह कहा जा सकता है कि गाँव में उत्पन्न व्यक्तियों की वैवाहिक-आयु नगर में उत्पन्न व्यक्तियों की वैवाहिक-आयु से कम है। नगर में उत्पन्न व्यक्तियों की वैवाहिक आयु गाँव में उत्पन्न व्यक्तियों की वैवाहिक आयु से अधिक है। गाँव में उत्पन्न व्यक्तियों की वैवाहिक-आयु का मूल्यांक 20.46 वर्ष है और नगर में उत्पन्न व्यक्तियों की वैवाहिक आयु का मूल्यांक 21.17 वर्ष है, जबकि इन दोनों प्रकार के सम्मिलित व्यक्तियों की वैवाहिक आयु का मूल्यांक 21.07 वर्ष है।

सारिणी संख्या - 25

गाँव एवं नगर में उत्पन्न पुरुष प्रतिवादियों की पत्नियों की वैवाहिक आयु के अनुसार वितरण तथा इन दोनों प्रकार के सम्मिलित व्यक्तियों की पत्नियों की वैवाहिक आयु के अनुसार वितरण

पुरुषों की पत्नियों की विवाह आयु (वर्षों में)	गाँव में पैदा हुए		शहर में पैदा हुए		मिश्रित	
	पुरुषों की संख्या	प्रतिशत	पुरुषों की संख्या	प्रतिशत	योग	प्रतिशत
12 से कम	25	12.19	68	7.23	93	8.12
12-14	31	15.12	125	13.28	156	13.61
14 - 16	50	24.40	171	18.17	221	19.28
16 -18	45	21.95	202	21.46	247	21.55
18 - 20	32	15.61	175	18.60	207	18.06
20- 22	19	9.27	96	10.21	115	10.04
22 - 24	2	0.97	71	7.55	73	6.37
24 व उससे अधिक	1	0.49	33	3.51	34	2.97
योग	205	100	941	100	1146	100

यह सारिणी यह दर्शाती है कि गाँव में उत्पन्न पुरुषों की पत्नियों का अनुपात 12.19 प्रतिशत है और नगर में उत्पन्न पुरुषों की पत्नियों का अनुपात

7.23 प्रतिशत है, जबकि इन दोनों प्रकार के पुरुषों की पत्नियों का अनुपात 8.12 प्रतिशत है जिनका विवाह 12 वर्ष से पूर्व की आयु वाले ग्रुप में हुआ है। गाँव में उत्पन्न पुरुषों की पत्नियों का अनुपात 15.12 प्रतिशत और नगर में उत्पन्न पुरुषों की पत्नियों का अनुपात 13.28 प्रतिशत है। जबकि इन दोनों प्रकार के पुरुषों की पत्नियों का अनुपात 13.61 प्रतिशत है जिनका विवाह (12-14) वर्ष की आयु वाले ग्रुप में हुआ है। गाँव में उत्पन्न पुरुषों की पत्नियों का अनुपात 24.40 प्रतिशत है और नगर में उत्पन्न पुरुषों की पत्नियों का अनुपात 18.17 प्रतिशत है, जबकि इन दोनों प्रकार के सम्मिलित पुरुषों की पत्नियों का अनुपात 19.28 प्रतिशत है जिनका विवाह (14-16 वर्ष) की आयु वाले ग्रुप में हुआ है। गाँव में उत्पन्न पुरुषों की पत्नियों का अनुपात 21.95 प्रतिशत है और नगर में उत्पन्न पुरुषों की पत्नियों का अनुपात 21.46 प्रतिशत है, जबकि इन दोनों प्रकार के सम्मिलित पुरुषों की पत्नियों का अनुपात 21.55 प्रतिशत है जिनका विवाह (16 -18) वर्ष की आयु वाले ग्रुप में हुआ है। गाँव में उत्पन्न पुरुषों की पत्नियों का अनुपात 15.61 प्रतिशत है तथा नगर में उत्पन्न पुरुषों की पत्नियों का अनुपात 18.60 प्रतिशत है, जबकि इन दोनों प्रकार के सम्मिलित व्यक्तियों की पत्नियों का अनुपात 18.06 प्रतिशत है जिनका विवाह (18-20 वर्ष) की आयु वाले ग्रुप में हुआ है। गाँव में उत्पन्न पुरुषों की पत्नियों का अनुपात 9.27 प्रतिशत है और नगर में उत्पन्न पुरुषों की पत्नियों का अनुपात 10.21 प्रतिशत है, जबकि इन दोनों प्रकार के सम्मिलित पुरुषों की

पत्नियों का अनुपात 10.04 प्रतिशत है जिनका विवाह (20-2. वर्ष) की आयु वाले ग्रुप में हुआ है। गाँव में उत्पन्न पुरुषों की पत्नियों का अनुपात 0.57 प्रतिशत है और नगर में उत्पन्न पुरुषों की पत्नियों का अनुपात 7.55 प्रतिशत है, जबकि इन तीनों प्रकार के सम्मिलित पुरुषों की पत्नियों का अनुपात 5.37 प्रतिशत है जिनका विवाह (22-24 वर्ष) की आयु वाले ग्रुप में हुआ है। गाँव में उत्पन्न पुरुषों की पत्नियों का अनुपात 0.49 प्रतिशत है तथा नगर में उत्पन्न पुरुषों की पत्नियों का अनुपात 3.51 प्रतिशत है,- जबकि इन तीनों प्रकार के सम्मिलित पुरुषों की पत्नियों का अनुपात 2.97 प्रतिशत है जिनका विवाह (24 व अधिक) की आयु वाले ग्रुप में हुआ है।

इस सारिणी से यह स्पष्टतः प्रतीत होता है कि 12 वर्ष से पूर्व की वैवाहिक-आयु वाले ग्रुप से लेकर 16-18 वर्ष की वैवाहिक आयु वाले ग्रुप तक के विवाह करने वालों में गाँव में उत्पन्न पुरुषों की पत्नियों का अनुपात नगर में उत्पन्न पुरुषों की पत्नियों के अनुपात से अधिक है जबकि (18-20 वर्ष) की वैवाहिक आयु वाले ग्रुप से लेकर (24 व अधिक) की वैवाहिक-आयु वाले ग्रुप तक गाँव में उत्पन्न पुरुषों की पत्नियों की अनुपात, नगर में उत्पन्न पुरुषों की पत्नियों के अनुपात से कम है। इसके साथ ही साथ यह भी स्पष्ट है कि 12 वर्ष से पूर्व की वैवाहिक-आयु वाले ग्रुप से लेकर (16-18वर्ष) की

वैवाहिक आयु वाले पुरुष एक गाँव में उत्पन्न पुरुषों की पत्नियों
[illegible] का अनुपात गाँव तथा नगर दोनों प्रकार के सम्मिलित पुरुषों
की पत्नियों के अनुपात से अधिक है और इससे बाद वाले पुरुषों से
कम है जबकि 12 वर्ष से कम की वैवाहिक आयु वाले पुरुष एक नगर में
पैदा हुए पुरुषों की पत्नियों का अनुपात गाँव तथा नगर दोनों में उत्पन्न
पुरुषों की पत्नियों के अनुपात से कम है तथा इसके बाद वाले पुरुषों में अधिक
है। अतः स्पष्टतः यह कहा जा सकता है कि [नगर की अपेक्षा] गाँव में उत्पन्न पुरुषों
की पत्नियों की वैवाहिक आयु कम है। गाँव में उत्पन्न पुरुषों की
पत्नियों की वैवाहिक आयु का भूयिष्ठक 15.58 वर्ष है और नगर में उत्पन्न
पुरुषों की पत्नियों की वैवाहिक आयु का भूयिष्ठक 17.06 वर्ष है जबकि
गाँव और नगर दोनों में उत्पन्न सम्मिलित पुरुषों की वैवाहिक-आयु का
भूयिष्ठक 16.73 वर्ष है।

सारिणी संख्या - 26

गाँव तथा नगर में उत्पन्न सम्मिलित पुरुष प्रतिवादि यों का और उनकी पत्नियों का उनकी वैवाहिक आयु के अनुसार वितरण

पुरुषों की विवाह आयु वर्षों में / पुरुषों के पत्नियों की विवाह की आयु	12 से कम	12-14	14-16	16-18	19-20	20-22	22-24	24-26	26-28	28-30	30+	टोटल
12 से कम	4	3	16	23	18	17	6	3	1	1	1	93
12-14	0	1	10	24	64	28	21	4	2	1	1	156
14-16	0	0	6	29	65	84	18	11	5	1	2	221
16-18	0	0	6.	5	51	106	67	6	6	2	4	247
18-20	0	0	1	1	10	71	73	39	5	4	3	207
20-22	0	0	0	0	6	3	34	55	17	24	2	115
22-24	0	0	0	0	0	0	2	47	12	6	6	73
24-26	0	0	0	0	0	0	1	2	17	16	10	34
टोटल	4	4	33	82	208	209	222	167	55	33	29	1146

यह सारिणी पुरुष प्रतिवादि के जन्म स्थान के अनुसार है इसमें गाँव तथा नगर में उत्पन्न सम्मिलित पुरुष के प्रतिवादि ही है ।

[illegible] प्राप्त न्यादर्श [illegible] 1146 थी ।

भारत [illegible] और तथा [illegible] में उत्पन्न [illegible]

युवकों व आश्रितों [illegible] वैवाहिक आयु के अनुसार

[illegible] उत्पन्न [illegible] वर्ग के युवकों एवं उनके आश्रितों

की वैवाहिक आयु [illegible] एवं [illegible] की [illegible]-

सम्बन्ध गुणांक प्राप्त हुआ है । इस वर्ग के युवकों एवं उनके आश्रितों

की वैवाहिक आयु [illegible] गुणांक + 0.7026 है ।

[illegible] है कि इस वर्ग के युवकों [illegible] आयु तथा

उनके आश्रितों की वैवाहिक आयु में परिवर्तन एक [illegible] दिशा में हो रहा

है । इस वर्ग के युवकों एवं उनके आश्रितों की वैवाहिक आयु में मध्यम

कोटि का धन-सहसम्बन्ध है ।

तालिका 20 एवं तालिका 23 में ग्रामीण [illegible] उत्पन्न युवकों

एवं उनके आश्रितों की वैवाहिक आयु का [illegible] गुणांक + 0.848

है [illegible] उत्पन्न युवकों तथा उनके आश्रितों की वैवाहिक आयु

का सह सम्बन्ध गुणांक + 0.6661 तालिका 26 में ग्रामीण एवं नगर दोनों

से उत्पन्न सम्मिलित युवकों तथा उनके आश्रितों की वैवाहिक आयु का

धन सह सम्बन्ध गुणांक + 0.7025 है ।

अतः [illegible] गाँव में उत्पन्न युवकों तथा उनकी पत्नियों की वैवाहिक आयु [illegible] सहसम्बन्ध पाया गया [illegible]

में उत्पन्न युवकों तथा उनकी पत्नियों की वैवाहिक आयु में धनात्मक सहसम्बन्ध पाया गया है [illegible] होने से उत्पन्न [illegible] युवकों तथा उनकी पत्नियों की वैवाहिक आयु [illegible] सहसम्बन्ध गुणांक, गाँव में उत्पन्न युवकों तथा उनकी पत्नियों की वैवाहिक आयु के धनात्मक सहसम्बन्ध गुणांक से एक ओर ~~नगर~~ नगर में उत्पन्न युवकों एवं उन पत्नियों की वैवाहिक आयु के धनात्मक सहसम्बन्ध गुणांक से [illegible] है। अर्थात् गाँव में उत्पन्न युवकों की वैवाहिक आयु और उनकी पत्नियों की वैवाहिक आयु में परिवर्तन, नगर में उत्पन्न युवकों की वैवाहिक आयु और उनकी पत्नियों की वैवाहिक आयु में परिवर्तन, नगर अथवा गाँव में उत्पन्न [illegible] युवकों की वैवाहिक आयु और उनकी पत्नियों की वैवाहिक आयु में परिवर्तन को एक ही दिशा में [illegible] रहा है, [illegible] इन दोनों में [illegible] है।

धर्म

विभिन्न धर्मों का प्रभाव उनके अनुयायियों के विवाह आयु पर क्या पड़ता है यह बात जानने का यथा सम्भव प्रयास इस शीर्षक के अन्तर्गत किया गया है । इसके लिये सर्वप्रथम हमने अपने अध्ययन क्षेत्र इलाहाबाद नगर के अन्तर्गत न्यादर्श द्वारा उपलब्ध सभी धर्मों के अनुयायियों को पृथक कर लिया है । हमारे न्यादर्श में हिन्दू, मुस्लिम सिक्ख तथा ईसाई धर्म के अनुयायी थे । हमने क्रमशः हिन्दू, मुस्लिम सिक्ख तथा ईसाई धर्म के अनुयायी पुरुषों एवं उनकी पत्नियों की विवाह-आयु का अलग अलग ज्ञात करने की कोशिश की है । साथ ही क्रमशः हिन्दू ,मुस्लिम, सिक्ख तथा ईसाई धर्म के अनुयायी पुरुषों एवं उनकी पत्नियों की विवाह-आयु के बीच सह सम्बन्ध गुणांक भी पृथक पृथक निकालने का प्रयत्न किया गया है । तदुपरान्त इन चारों धर्मों के अनुयायी पुरुषों एवं उनकी पत्नियों की वैवाहिक आयु का तुलनात्मक अध्ययन भी किया गया है । जिससे यह स्पष्ट हो जाय कि किस धर्म के अनुयायी पुरुषों एवं किस धर्म के अनुयायी पत्नियों की वैवाहिक आयु अधिक है तथा किसकी कम । यह भी जानने का प्रयास किया गया है कि किस धर्म के अनुयायी पुरुषों एवं उनकी पत्नियों की वैवाहिक आयु के बीच सह-सम्बन्ध गुणांक अधिक है तथा किस धर्म

के अन्तर्गत है। इसके लिए इन चारो भागों के अनुपात, कुमारों एवं उनकी परिणयों की वैवाहिक आयु के मध्य मान तथा आवश्यकता गुणांक का तुलनात्मक अध्ययन भी प्रस्तुत किया गया है।

भाई

सारिणी— 27

हिन्दू भगनिवासियों युवक प्रतिवादियों का वैवाहिक आयु के अनुसार वितरण

युवकों की विवाह आयु (वर्षों में)	युवकों की संख्या	प्रतिशत
12 से कम	4	0.49
12-14	4	0.49
14-16	31	3.78
16-18	67	8.16
18-20	161	19.61
20-22	215 ~~158~~	26.19 ~~19.24~~
22-24	158	19.24
24-26	106	12.91
26-28	34	4.14
28-30	21	2.56
30 व उससे अधिक	20	2.43
योग	821	100

यह सारिणी: पुरुष प्रश्नावली से धर्मानुसार . . . गई है जिसमें एक मात्र हिन्दू धर्मावलम्बी व्यक्ति को लिए गए है।

सम्प्रति न्यादर्श मे 821 ऐसे पुरुष प्रतिभागी थे जो हिन्दू धर्म को अंगीकार करते थे।

821 हिन्दू धर्मावलम्बी पुरुष प्रतिभागियो का वैवाहिक आयु के अनुसार वितरण इस प्रकार मिला कि 821 व्यक्तियो मे 4 (00.49 प्रतिशत) 4 (00.49 प्रतिशत), 31 (3.78 प्रतिशत), 67 (8.16 प्रतिशत) 161 (19.61 प्रतिशत), 215 (26.19 प्रतिशत), 158 (19.24 प्रतिशत) 106 (12.9 प्रतिशत), 34 (4.14 प्रतिशत), 21 (2.56 प्रतिशत) तथा 20 (2.43 प्रतिशत) का वैवाहिक आयु वर्ग क्रमश: 12 से कम, (12-14), (14-16), (16-18), (18-20), 20-22), (22-24), (24-26), (26-28), (28-30), तथा 30 एवं अधिक वर्ष की आयु वाले ग्रुप मे था।

इस वर्ग के न्यादर्श के पुरुषो मे से ऐसे व्यक्ति लगभग नगण्य है। जिनका विवाह 14 वर्ष से कम आयु मे हुआ है। ऐसे पुरुषो का अनुपात 0.98 प्रतिशत है। सबसे बड़ा समूह उन पुरुषो का है जिनका

वैवाहिक आयु ग्रुप 20-22 वर्ष है । इनका अनुपात 26.19 प्रतिशत है । यह स्मरणीय है कि इस ग्रुप से कम वैवाहिक आयु वाले ग्रुपों में विवाह करने वालों का अनुपात, इससे अधिक वैवाहिक आयु वाले ग्रुपों में विवाह करने वालों के अनुपात से कम है । जिनका अनुपात क्रमशः 32.52 प्रतिशत तथा 41.29 प्रतिशत है ।

इस सारिणी से यह लक्षित होता है कि लगभग 60 प्रतिशत व्यक्तियों का विवाह 22 वर्ष से पूर्व एवं लगभग 40 प्रतिशत व्यक्तियों का विवाह 22 वर्ष व इससे अधिक आयु में हुआ है । निम्न व्यावसायिक व्यक्तियों की विवाह आयु का भूयिष्ठक 20.97 वर्ष है ।

सारिणी -23

हिन्दू धर्मावलम्बी उत्तरदाता प्रतिभागियों के वैवाहिक सम्बन्धों की आयु के अनुसार वितरण :-

उत्तरदाताओं की पत्नियों की वैवाहिक आयु (वर्षों में)	उत्तरों की संख्या	प्रतिशत
12 से कम	75	9.13
12-14	119	14.49
14-16	153	18.64
16-18	189	23.02
18-20	142	17.30
20-22	77	9.38
22-24	44	5.36
24 व इससे अधिक	22	2.68
योग	821	100.00

यह सारिणी उत्तरदाता प्रतिभागियों के धर्मानुसार बनाई गई है जिसमे केवल हिन्दू धर्मावलम्बी व्यक्ति ही सम्मिलित किये गये है ।

सम्पूर्ण प्रयागर्थियों में 821 ~~व्यक्ति~~ ऐसे पुरुष उत्तरदाता थे जो हिन्दू धर्म के अनुयायी थे।

हिन्दू धर्मावलम्बी ~~उत्तरदाताओं की वैवाहिक आयु~~ 821 पुरुष उत्तरदाताओं की पत्नियों की वैवाहिक आयु के अनुसार वितरण इस प्रकार है कि 821 व्यक्ति के 75(9.13 प्रतिशत), 119(14.49 प्रतिशत) 153(18.64 प्रतिशत), 189(23.02 प्रतिशत) 142(17.30 प्रतिशत), 77((9.38 प्रतिशत), 44(5.36 प्रतिशत), तथा 22 (2.68 प्रतिशत) पत्नियाँ है इनका विवाह क्रमशः 12 से कम (12-14), (14-16), (16-18), (18-20), (20-22), (22-24) तथा 24 व उससे अधिक आयु वर्ग में हुआ था।

इस वर्ग के प्रयागर्थियों के पुरुषों में उनकी अत्यल्प संख्या है जिनकी पत्नियों का विवाह 24 या उससे अधिक आयु वर्ग में हुआ है। इन पुरुषों का अनुपात 2.68 प्रतिशत है। ऐसे पुरुषों का सबसे बड़ा समूह है जिनकी पत्नियों का विवाह (16-18) वर्ष की आयु वाले वर्ग में सम्पन्न हुआ है। इन पुरुषों का अनुपात 23.02 प्रतिशत है। यह स्पष्ट है कि इस वर्ग से कम आयु वाले वर्गों में विवाह करने वाली महिलाओं का अनुपात, इससे अधिक आयु वाले वर्गों में विवाह करने वाली महिलाओं के अनुपात से अधिक है। इन दोनों का अनुपात क्रमशः 42.27 प्रतिशत तथा 34.71 प्रतिशत है।

उक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि लगभग 65 प्रतिशत मुस्लिम पत्नियों का विवाह 13 वर्ष से पूर्व तथा लगभग 35 प्रतिशत मुस्लिम पत्नियों का विवाह 13 वर्ष या इससे अधिक आयु में हुआ है। हिन्दू धर्मावलम्बी मुस्लिम पत्नियों की विवाह-आयु का मध्यांक 16.00 वर्ष है।

सारिणी संख्या--29

हिन्दू धार्मिकों की पुत्र व पुत्रियों तथा उन[illegible] पति[illegible] की वैवाहिक आयु के अनुसार वितरण

पु० को प० को विवाह आयु वर्षों मे	पु० की विवाह की आयु वर्षों मे	12 से कम	12-14	14-16	16-18	18-20	20-22	22-24	24-26	26-28	28-30	30 व इससे अधिक	योग
12 से कम		2	2 [illegible]	15	20	10	15	5	1	1	1	1	75
12-14			2	10	19	51	15	15	3	2	1	2	119
14-16				5	22	58	49	7	9	2	1		153
16-18					6	53	39	45	5	3	2	1	189
18--20				1	1	4	45	[illegible]8	23	5	2	3	142
20-22							2	25	[illegible]3	12	4	1	77
22-24								2	30	6	2	4	44
24 व इससे अधिक								1	2	3	9	8	22
योग		4	4	31	67	161	215	158	106	34	21	21	821

यह सारिणी पुत्र प्रतिवादी के धर्मानुसार है जिसमें केवल हिन्दू धर्म के अनुयायी ~~भी~~ व्यक्तियों को सम्मिलित किया गया है।

सम्बन्धित निष्कर्ष में हिन्दू धर्म के युवकों ... तालिका 42। ... है गये । हिन्दू धर्मावलम्बी युवकों एवं उनकी पत्नियों की वैवाहिक आयु के अनुसार वितरण, इस तालिका में प्रस्तुत किया गया है । इस तालिका में हिन्दू धर्मावलम्बी युवकों तथा उनकी पत्नियों की वैवाहिक आयु में सह-सम्बन्ध कार्ल पियर्सन की सह-सम्बन्ध गुणांक विधि द्वारा निकाला गया है । इस विधि द्वारा निकाला गया सह-सम्बन्ध गुणांक = 0. 6723 है । अर्थात् इस वर्ग के युवकों तथा उनकी पत्नियों की वैवाहिक आयु में मध्यम कोटि का ~~धन~~ धनात्मक सह सम्बन्ध है । अतः स्पष्ट: यह कहा जा सकता है कि हिन्दू धर्मावलम्बी युवकों की वैवाहिक आयु जैसे-जैसे बढ़ती है वैसे वैसे उनकी पत्नियों की वैवाहिकआयु में भी वृद्धि होती है। एवं इस प्रकार उनकी वैवाहिक आयु भी घटती जाती है ।

सारिणी संख्या --30

मुस्लिम धर्मावलम्बी युवक प्रत्याशियों का विवाह की आयु के अनुसार विवरण :

युवकों की विवाह आयु (वर्षों में)	युवकों की संख्या	प्रतिशत
12 से कम	0	0
12-14	0	0
14-16	2	0.68
16-18	15	5.10
18-20	47	15.99
20-22	93	31.63
22-24	60	20.41
24-26	55	18.71
26-28	14	4.76
28-30	3	1.02
30 व उससे अधिक	5	1.70
योग	294	100.00

यह सारिणी युवक प्रत्याशियों के वर्षानुसार निर्मित हुई है। जिसमें केवल मुस्लिम धर्मावलम्बी व्यक्तियों को सम्मिलित किया गया है।

सामाजिक निदर्शन में 294 मुस्लिम धर्म के अनुयायी व्यक्ति थे। मुस्लिम धर्मावलम्बी युवकों / व्यक्तियों का वैवाहिक आयु के अनुसार वितरण इस प्रकार पाया गया। 294 युवकों में 2(0.68 प्रतिशत), 15(5.10 प्रतिशत), 47(15.99 प्रतिशत), 93 (31.63 प्रतिशत), 60(20.41 प्रतिशत), 55(18.71 प्रतिशत), 14(4.76 प्रतिशत), 3(1.02 प्रतिशत) तथा 5 (1.70 प्रतिशत) का विवाह क्रमशः (14-16), (16-18), (18-20), (20-22), (22-24), (24-26), (26-28), (28-30) तथा 30 व उससे अधिक आयु वाले ग्रुप में हुआ था।

इस वर्ग के न्यादर्श में ऐसे युवक लगभग नगण्य हैं जिनका विवाह 16 वर्ष से कम की आयु में हुआ हो। इनमें ऐसे व्यक्तियों का सबसे बड़ा समूह है जिनका विवाह (20-22) वर्ष की आयु वाले ग्रुप में हुआ है। इन व्यक्तियों का अनुपात 31.63 प्रतिशत है। यह स्मरणीय है कि इस ग्रुप से कम वर्षों की आयु वाले ग्रुपों में विवाह करने वाले व्यक्तियों का अनुपात, इससे अधिक वर्षों की आयु वाले ग्रुपों में विवाह करने वाले व्यक्तियों के अनुपात से कम है। यह अनुपात क्रमशः 21.77 प्रतिशत तथा 46.60 प्रतिशत है।

इस सारणी से यह विदित होता है कि लगभग 53 प्रतिशत उत्तरदाताओं का विवाह 22 वर्ष से पूर्व हुआ था तथा 47 प्रतिशत उत्तरदाताओं का विवाह 22 वर्ष व अधिक की आयु में हुआ है। मुस्लिम धर्मानुयायी युवकों की वैवाहिक आयु का माध्यक 21.16 वर्ष है।

सारिणी संख्या - 31

मुस्लिम युवक प्रतिवादियों की पत्नियों का वैवाहिक आयु के अनुसार वितरण :

युवकों की पत्नियों की विवाह आयु (वर्षों में)	युवकों की संख्या	प्रतिशत
12 से कम	18	6.12
12-14	36	12.25
14-16	67	22.79
16-18	57	19.39
18-20	60	20.41
20-22	34	11.56
22-24	18	6.12
24 व इससे अधिक	4	1.36
योग	294	100

प्रस्तुत सारिणी युवक प्रतिवादियों के धर्मानुसार है जिसमें केवल मुस्लिम धर्मावलम्बी व्यक्ति ही है ।

[illegible] निदर्शन में से मुस्लिम धर्मानुयायी 294 व्यक्ति थे। मुस्लिम धर्मानुयायी 294 पुरुषों में [illegible] की पत्नियों की वास्तविक आयु के अनुसार [illegible] ज्ञात हुआ है कि 294 महिलाओं में 13([illegible].12 प्रतिशत), 36(12.2[illegible] प्रतिशत) 67(22.79 प्रतिशत), 57(1[illegible] प्रतिशत), [illegible]0(20.41 प्रतिशत), 34(11.[illegible]6 प्रतिशत), 1[illegible](6.12 प्रतिशत) तथा 4(1.36 प्रतिशत) पुरुषों की पत्नियों का विवाह क्रमश: "12 से कम", (12-14), (14-16), (16-18), (18-20), (20-22), (22-24) तथा "24 वर्ष से अधिक" आयु वाले ग्रुप में हुआ था।

इस वर्ग के न्यादर्श के पुरुषों की पत्नियों में भी ऐसी महिलाएँ लगभग नगण्य हैं जिनका विवाह 24 वर्ष व अधिक की आयु में हुआ हो इन पुरुषों की पत्नियों का अनुपात 1.36 प्रतिशत है। ऐसे पुरुषों की पत्नियों का सबसे बड़ा समूह है जिनका विवाह (14-16) वर्ष की आयु वाले ग्रुप में हुआ है। इन पुरुषों की पत्नियों का अनुपात 22.79 प्रतिशत है। यह कारण यह है कि इस ग्रुप से कम आयु वाले ग्रुपों में विवाह करने वाली महिलाओं का अनुपात, इससे अधिक वर्ष की आयु वाले ग्रुपों में विवाह करने वाली महिलाओं के अनुपात से कम है।

यह अनुपात क्रमशः 13.37 प्रतिशत तथा 53.34 प्रतिशत है ।

इस सारिणी से यह प्रतीत होता है कि लगभग 40 प्रतिशत युवकों की पत्नियों का विवाह 16 वर्ष से पूर्व तथा लगभग 60 प्रतिशत युवकों की पत्नियों का विवाह 16 वर्ष व अधिक की आयु में हुआ है । मुस्लिम धर्मानुयायी युवकों की पत्नियों की वैवाहिक आयु का भूयिष्ठक 15.51 वर्ष है ।

सारिणी संख्या - 32

मुस्लिम धर्मावलम्बी पुरुष प्रत्याशियों तथा उनकी पत्नियों की वैवाहिक आयु के अनुसार वितरण :

पुरुष की / स्त्री की विवाह आयु (वर्ष में)	12 से कम	12-14	14-16	16-18	18-20	20-22	22-24	24-26	26-28	28-30	30 व उससे अधिक	योग
12 से कम			1	3	9	2	1	2				18
12-14				5	12	12	6	1				36
14-16			1	7	12	30	10	4	1	1	1	67
16-18					8	22	21	1	3		2	57
18-20					6	26	13	13	2			60
20-22						1	9	20	3		1	34
22-24								14	3	1		18
24 व उससे अधिक									2	1	1	4
कुल योग :			2	15	47	93	60	55	14	3	5	294

यह सारिणी पुरुष प्रतिवादी के धर्मानुसार प्रस्तुत की गई है।

जिसमे कि मात्र मुस्लिम धर्मावलम्बी व्यक्ति ही है।

सम्मिलित निदर्शों में मुस्लिम धर्मानुयायी 294 व्यक्ति थे ।

मुस्लिम धर्मावलम्बी 294 पुरुषों तथा उनकी पत्नियों की वैवाहिक आयु के अनुसार वितरण उक्त तालिका में दिखाया गया है । इसमें मुस्लिम धर्मानुयायी पुरुषों एवं उनकी पत्नियों के वैवाहिक आयु में सह-सम्बन्ध कार्ल पियर्सन के सह-सम्बन्ध गुणांक विधि द्वारा निकाला गया है । इस विधि द्वारा निकाला गया सह-सम्बन्ध गुणांक + 0.2647 है । अर्थात् इस वर्ग के पुरुषों तथा उनकी पत्नियों के वैवाहिक आयु में निम्न कोटि से भी कम धनात्मक सह-सम्बन्ध है । अतः स्पष्टतः समझा जा सकता है कि मुस्लिम धर्मानुयायी पुरुषों के वैवाहिक आयु के अधिक या कम होने पर उनकी पत्नियों की वैवाहिक आयु भी अधिक या कम हो जाती है । अर्थात् इनके आयु में कोई ऐसा स्पष्ट सम्बन्ध नहीं दिखायी देता है स्पष्टतः सह-सम्बन्ध नहीं है ।

सारिणी संख्या 33

सिक्ख धर्मावलम्बी पुरुष प्रतिवादियों का वैवाहिक आयु के अनुसार वितरण :

पुरुषों की विवाह आयु (वर्षों में)	पुरुषों की संख्या	प्रतिशत
12 से कम	0	0
12-14	0	0
14-16	0	0
16-18	0	0
18-20	0	0
20-22	1	7.14
22-24	1	7.14
24-26	5	35.72
26-28	3	21.43
28-30	1	7.14
